प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्र सं0:एस0पी0एम0यू0/RNTCP/द्वितीय किस्त/दि0 नि0/02/11–12/2025-72 दिनांक: 03.01..2011

विषयः पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011–12 के लिए द्वितीय किस्त के रूप में अवमुक्त धनराशि एवं तद्सम्बन्धी दिशा–निर्देश के संबंध में।

महोदय,

पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2011–12 के लिए आर0ओ0पी0 2011–12 के एफ0एम0आर0 कोड संख्या–आई में ₹ 5004.78 लाख की धनराशि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गई है जिसके कम में राज्य स्तर के लिए ₹ 83.19848 लाख की धनराशि तथा जनपद स्तर के लिए ₹ 4921.58152 लाख की धनराशि राज्य कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित की गई है।

2. उपर्युक्त के कम में राज्य कार्यक्रम अधिकारी, पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम द्वारा प्रेषित आर0एफ0टी0 के अनुरूप प्रथम किस्त में राज्य स्तर के लिए ₹ 31.66319 लाख एवं जनपदों हेतु ₹ 1825.27373 लाख इस प्रकार कुल ₹ 1856.93692 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या एसटीटीएस/150/2011–12/आरएफटी/8809 दिनांक 29.12.2011 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के कम में संलग्न सूची के अनुसार कुल ₹ 808.20342 लाख जनपदों के जिला स्वास्थ्य समिति के खातें में जनपदवार गतिविधिवार धनराशि अवमुक्त की जा रही है।

4. कृपया अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपयोग पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/रा0कार्य0/RNTCP/दि0 नि0/02/11–12/1720–72 दिनांक 02.08.2011 में निहित दिशा–निर्देशों के अनुसार ही किया जाय।

5. कृपया कार्यक्रम से सम्बन्धित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र पर समयान्तर्गत महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0 प्र0 तथा इस कार्यालय को नियमित रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

30/12/11

(सुधीर कुमार श्रीवास्तव)
मिशन निदेशक

पत्र सं0:एस0पी0एम0यू0/RNTCP/द्वितीय किस्त/दि0 नि0/02/11–12/ 2025-72-6 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0 प्र0, लखनऊ।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0 प्र0, लखनऊ।
4. समस्त, जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

30/12/11

(सुधीर कुमार श्रीवास्तव)
मिशन निदेशक